30 Ambikapur-BHOOMI-pg 1-0_Layout 1 6/30/2024 10:12 PM Page 1

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 1 जुलाई 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

(अम्बिकापुर) प्रवेश प्रारंभ (अम्बिकापुर)
न्यू महाराणा I.T.I.
Affiliated by:- (N.C.V.T & D.E.T.)
New Delhi (Govt. Of India)
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, डीजल मैकेनिक, फिटर
योग्यता-10वीं पास (प्राईवट, ओपन, पत्राचार, नियमित)
प्रथम प्रवेशित 50 छात्रों को विशेष छुट
अतिशीघ्र प्रवेश लेवें मात्र 999/- नो डोनेशन
स्थान सीमित 100% रोजगार परक प्रशिक्षण
प्राचार्य: माखन विहार के बाजू में (कन्या परिसर रोड) अजरिमा अंबिकापुर
मो. 9203914565, 9713310420, 9203914561

KILLER
SALE
UP TO 40% OFF
KILLER STORE - NEAR POONAM LODGE
OLD BUS STAND - AMBIKAPUR
CALL- 7400849887

SALE
END OF SEASON SALE
UP TO 60% OFF
निशांत नेक्स्ट वर्ल्ड

# मामूली विवाद पर पड़ोसी ने की वृद्ध की गला दबाकर हत्या

■ ग्राम दवना गाड़ाबहरी का मामला, बाड़ी में मवेशी चरने से शुरू हुआ था झगड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

मामूली विवाद को लेकर पड़ोसी ने वृद्ध की गला दबाकर हत्या कर दी। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम द्वारा शव को पीएम के लिए भेजने के साथ ही मामले में अपराध दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस द्वारा आरोपी को फिलहाल हिरासत में लिया गया है और घटना की जांच जारी है।

बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम दवना गाड़ाबहरी निवासी 65 वर्षीय बुद्धू पंडो और राम नारायण सिंह का घर 200 मीटर की दूरी पर है। दो दिन पूर्व रामनारायण सिंह घर से लगे जंगल में अपनी टांगी के लिए लकड़ी काटने गया था जहां मृतक बुद्धू सिंह ने उसे बेंत काटने से मना किया था जिसके बाद दोनों में विवाद हो गया। विवाद के बाद दोनों अपने अपने घर लौट आए थे। इस बीच 29 जून को रामनारायण सिंह के बाड़ी में बुद्धू पंडो के मवेशी घुस गए और फसलों को नुकसान पहुंचा रहे थे। इस दौरान शराब के नशे में धुत रामनारायण सिंह मवेशियों को हांकते हुए बुद्धू पंडो के घर के पास ले आया। इस दौरान बुद्धू पंडो अपने घर के बाहर ही खड़ा था और मवेशियों द्वारा खेत चरने को लेकर शराब के नशे में धुत रामनारायण बुद्धू पंडो से गाली गलौज करने लगा और देखते ही देखते दोनों के बीच मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान रामनारायण सिंह ने बुद्धू पंडो को पटककर उसका गला दबा दिया जिससे बुद्धू पंडो की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद रामनारायण सिंह भाग निकला। वृद्ध की हत्या से गांव में सनसनी फैल गई। इस घटना की जानकारी मृतक के पुत्र ने शनिवार की शाम पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर आज शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है इसके साथ ही आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

*अम्बिकापुर। बौरीपारा निवासी पिंटू शर्मा (26 वर्ष) 25 जून की सुबह घर में ताला लगाकर काम के सिलसिले में बाहर गया था। शाम को घर आया तो देखा ताला टूटा हुआ था। युवक ने घर की तलाशी ली तो पता चला कि कंप्यूटर, दराज में रखे नगद 10 हजार रुपए एवं अलमारी में रखे 15 हजार रुपए गायब थी। युवक ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई।

हरिभूमि

पाठकों के लिए माह जून 2024 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह जून 2024 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 जुलाई 2024 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

आवश्यकता है
माँ कुदरगढ़ी मिनरल्स एण्ड रीफ्रैक्टरीज
मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, केमिकल एवं इस्ट्रूमेंट के बी.टेक/बी.ई. फ्रेशर्स की तुरंत आवश्यकता है।
सरगुजा संभाग के उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जावेगी।
साक्षात्कार हेतु दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क करें या प्लांट के पते पर पहुंचे
पता:- मां कुदरगढ़ी मिनरल्स एण्ड रिफ्रैक्टरीज प्राइवेट
सिलसिला भुट्टा बाजार, रायगढ़ रोड
ब्रिजेश कुमार मौर्य
9993144364
राजकुमार सिंह
9993144364

RUNGTA EDUCATIONAL FOUNDATION | R1
BCA BBA B.COM
MSC MSW PGDCA
B.ED M.ED D.ED
B.SC (CS / MATHS / BIOTECH)
ACHIEVE YOUR FUTURE WITH US
90161 13333

हरिभूमि
सहेली

अब 8 पेज में
हर मंगलवार
महिलाओं से संबंधित संपूर्ण जानकारी

कल के अंक के साथ लेना ना भूलें...

Happy Doctor's Day
क्षेत्र के सभी चिकित्सकों को आज डॉक्टर्स डे की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

डॉ. ए.के. दुबे
बी.डी.एस. (पटना) दंत चिकित्सक एवं सर्जन
एम.बी.ए. (अहमदाबाद) हॉस्पिटल मैनेजमेंट
रजि.नं. 277/A,
Email : anujdubey1@yahoo.com

डॉ. अंकित दुबे
बी.डी.एस. (ग्वालियर) दंत चिकित्सक एवं सर्जन
रजि.नं. CG DC/G/20/3345
Email : dankit040@gmail.com

समय : सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक, रविवार बंद

Sure Smile
Dental Clinic & Orthodontic Center
आपकी मुस्कान हमारी पहचान
Since : 2009 | ISO : 9001:2015

श्योर स्माइल
दंत चिकित्सालय एवं ऑर्थोडोन्टिक सेंटर
मो. 09179880085, 09407995721
पता : मिशन चौक, रिंग रोड, अम्बिकापुर (छ.ग.)

30 Ambikapur-BHOOMI-pg 2-0_Layout 1 6/30/2024 10:15 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### देवी अहिल्याबाई की जयंती पर की गई कार्यशाला

**अंबिकापुर**। संस्कार सेवा समिति द्वारा देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती के अवसर पर प्रणव भवन सुभाषनगर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य वक्त के रूप में डॉ. पुनीत राय ने देवी अहिल्याबाई के कृतित्व, सादगी, धर्मपरायणता, कुशल प्रशासन, दूरदर्शिता एवं उज्जवल चरित्र के बारे में प्रकाश डाला। समारोह समिति के संयोजक विनोद गुप्ता ने देश के वास्तविक नायक, नायिकाओं के बारे में छात्रों को अवगत कराने के गुरुत्तर दायित्व के निर्वहन हेतु शिक्षकों से आह्वन किया। विभाग संघ चालक जलजीत सिंह ने कहा कि संकल्प और धैर्य से बड़े बड़े कार्य सहजता से सम्पन्न हो जाते है देवी अहिल्याबाई इसकी अद्वितीय उदाहरण है। इस अवसर पर सह संयोजक विश्वास तिवारी, संस्कार सेवा समिति के सचिव अजय मिश्र, विभाग प्रचारक हेमंत नाग, अर्चना पाठक, नीना सिंह, विष्णु गुप्ता, जयराम मिश्र, अजय तिवारी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं समाजसेवी उपस्थित रहें।

### कोल इंडिया वेल फेयर बोर्ड की बैठक में अहम मुद्दों पर बनी सहमति

**बिश्रामपुर**। शनिवार 29 जून को कोल इंडिया वेलफेयर बोर्ड की बैठक नागपुर कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कोल इंडिया के निदेशक कार्मिक विनय रंजन ने की।इस बैठक में सीटू से पी एस पांडेय ,एटक से अशोक यादव, एचएमएस से शंकर बेहरा एवं बीएमएस से टिकेश्वर सिंह राठौड़ ने भाग लिया। उक्त बैठक में कोल इंडिया के सभी अनुषंगी कंपनियों के निदेशक कार्मिक उपस्थित रहे।बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों में वेलफेयर एक्टिविटी के इंस्पेक्शन के लिए एक कमेटी बनाई गई जिसमें प्रमुख यूनियनों के एक एक सदस्यों को शामिल किया गया है।बैठक में पूर्व में मेडिकल रीइंबर्समेंट बिल जमा करने पर कटौती की जानकारी नहीं दी जाती थी अब मेडिकल बिल कटौती की जानकारी देने पर सहमति बनी। मेडिकल अटेंडेंट रूल में और बदलाव के लिए सहमति दी गई। साथ ही सेवानिवृत हो चुके कर्मचारियों के लिए स्मार्ट कार्ड में उपलब्ध बैलेंस न दिखाने पर सहमति बनी। मेडिकल बोर्ड से रेफर कर्मचारी के अटेंडेंट को पेशियेंट के साथ उसी क्लास में रहने की अनुमति दी गई है। खदानों कार्यस्थलों में साफ पानी देने पर सहमति बनी, जिसमें डीपी सीआईएल ने कहा 21वीं सदी में हम साफ पानी नहीं दे पा रहे हैं इससे बड़ी शर्म की बात क्या होगी। बैठक में किराए पर एंबुलेंस का रेट बढ़ाने पर सहमति बनी एवं हर अस्पताल में मेडिकल अटेंडेंट को ठहरने की सहमति बनी।कोलकर्मियो के लिए हाउस बिल्डिंग एडवांस 30 लाख पर जारी सर्कुलर अनुसार हर कर्मचारी को देने की सहमति बनी, जिसका लाभ हर कर्मचारी ले सकते हैं। कोरोना काल में बंद हुए होलीडे होम को पुनः शुरू करने पर भी सहमति बनी।

### आबकारी उड़नदस्ता टीम ने युवक के कब्जे से 12 लीटर अवैध महुआ शराब की जब्त

**बिश्रामपुर**। लटोरी पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत भंडारपारा में एक युवक के यहां आबकारी विभाग की संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम द्वारा दबिश देकर युवक से 12 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की गई है। शनिवार को संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम उपायुक्त विजय सेन शर्मा के मार्गदर्शन में गश्त के दौरान टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि लटोरी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भंडारपारा निवासी श्रवण दास अपने घर में बड़ी मात्रा में अवैध महुआ शराब का निर्माण कर बेचता है। सूचना पर रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में उड़नदस्ता टीम द्वारा श्रवण दास के घर दबिश दी गई। टीम के घर पर पहुंचते ही आरोपी एक झोला लेकर भागने लगा, जिसे दौड़कर आबकारी आरक्षक द्वारा पकड़ा गया। उसके द्वारा पकड़े गए झोले से 12 लीटर महुआ शराब रखा गया था, जिसे जब्त करके युवक को गिरफ्तार कर लिया गया।आरोपी श्रवण के खिलाफ आबकारी विभाग द्वारा छत्तीसगढ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) क, 34 (2) एवं 59 (क) के तहत गिरफ्तार कर सुरजपुर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल दाखिल कर दिया गया है।उक्त कार्यवाही में रंजीत गुप्ता, आरक्षक रमेश दुबे, कुमारु राम अशोक सोनी, नगर सैनिक गणेश पांडेय, रणविजय सिंह एवं महिला सैनिक राजकुमारी सक्रिय रहे।

## जांच में ब्लॉक समन्वयक द्वारा हितग्राहियों की राशि अपात्रों के खाते में जमा करने की पुष्टि

# मैनपाट के पीएम आवास हितग्राहियों के किस्त आवंटन में मिली गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जनपद पंचायत मैनपाट के पीएम आवास हितग्राहियों की राशि में बड़े पैमाने पर हेराफेरी करने की पुष्टि हुई है। हितग्राहियों के खाते में समय से आवास की किस्त जमा करने की जिम्मेदारी संभालने वाले योजना के ब्लॉक समन्वयक ने ही हितग्राहियों के पीएम आवास की राशि हड़प ली है। प्रशासन की जांच में अभी तक इसका खुलासा नहीं हो सका है कि ब्लॉक समन्वयक ने कितने हितग्राहियों की राशि हड़पी है।

**खास बात**

- घोटाले की राशि एवं प्रभावित हितग्राहियों की नहीं मिल सकी जानकारी

वरिष्ठ अधिकारियों के नाक के नीचे लम्बे समय से चल रहे इस हेराफेरी का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच कराने की जरूरत बताई जा रही है। केन्द्र सरकार गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराने प्रधानमंत्री आवास योजना का संचालन कर रही है। योजना के तहत चयनित हितग्राहियों को पक्का आवास बनाने के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार योजना के तहत हितग्राहियों को प्रति आवास 1.35 लाख रूपए प्रदान करती है। ग्राम पंचायतों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों का चयन करने के उपरांत स्वीकृत राशि जनपद कार्यालय के माध्यम से चार किश्तों में जारी की जाती है। हितग्राहियों को राशि उपलब्ध कराने के पूर्व प्रशासन योजना के तहत निर्धारित शर्तों की जांच कराता हैं तथा निर्माण की शर्तें पूरी होने के बाद ही आगामी किस्त की राशि सीधे हितग्राहियों के खाते में जमा की जाती है। इसके लिए जनपद कार्यालयों में ब्लॉक समन्वयक की पदस्थापना की गई है। शासन की स्वीकृति मिलने के बाद ब्लॉक समन्वयक ही हितग्राहियों के खाते में ऑनलाइन राशि जमा करते हैं। जनपद पंचायत मैनपाट के हितग्राहियों को समय पर योजना की राशि उपलब्ध कराने वाले ब्लॉक समन्वयक ने ही बड़ी संख्या में हितग्राहियों के पीएम आवास की राशि हड़प ली। इस संबंध में हरिभूमि ने 17 जून के अंक में 'पीएम आवास योजना में करोड़ों का घोटाला, हितग्राहियों की राशि दूसरे खाते में ट्रांसफर' शीर्षक से प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। मामले में संज्ञान लेते हुए कलेक्टर ने एसडीएम के नेतृत्व में गठित तीन सदस्यीय दल से इसकी जांच कराई तो आरोप सही मिला। हितग्राहियों के खाते में राशि जमा करने की जिम्मेदारी संभालने वाले ब्लॉक समन्वयक सनता कुमार ने ही योजनाबद्ध तरीके से हितग्राहियों की राशि हड़प ली।


महीनों से बंद है पीएम आवासों का निर्माण
पीएम आवास योजना में करोड़ों का घोटाला, 500 हितग्राहियों की राशि दूसरों के खाते में ट्रांसफर

### घोटाले को ऐसे दिया अंजाम

जनपद पंचायत मैनपाट के पीएम आवास हितग्राहियों की किस्त में हेराफेरी करने का काम सालों से चल रहा था। हितग्राहियों के खाते में प्रथम किस्त की राशि जमा करने के बाद ब्लॉक समन्वयक आगामी किस्त की राशि अपात्र लोगों के खाता में ट्रांसफर कर देता था। अपात्र व्यक्तियों के खाते में आवास की किस्त जमा करने के पूर्व वह मुफ्त की शासकीय राशि के एवज में बड़ी रकम पहले ही वसूल लेता था। जांच दल को मोबाइल बैंकिंग सहित अन्य माध्यमों से किस्त के एवज में ब्लॉक समन्वयक को राशि उपलब्ध कराने के सबूत मिले हैं। आरोपी किस्त की राशि हितग्राही के खाते में जमा न कर अपात्र लोगों के खातें में जमा कर देता था। हैरानी की बात है कि आवास निर्माण के प्रगति की नियमित समीक्षा करने वाले जनपद के अधिकारियों को सालों से चल रही इस घोटाले की हवा तक नहीं लग सकी।

### 15 हितग्राहियों की जांच

जांच दल ने विकासखण्ड के 15 हितग्राहियों एवं योजना की राशि हासिल करने वाले लोगों की जांच की। जांच में नियम विरूद्ध तरीके से अपात्र लोगों के खाते में आवास की राशि जमा करने एवं ब्लॉक समन्वयक को मोबाइल बैंकिंग सहित दूसरे माध्यमों से राशि देने के साक्ष्य मिले हैं। ब्लॉक समन्वयक ने कितने हितग्राहियों के पीएम आवास की राशि का घोटाला किया है, जांच में इसका खुलासा नहीं हुआ है। जनपद पंचायत मैनपाट में पीएम आवास योजना के लगभग 3 हजार हितग्राही हैं।

### सौंप दी है जांच रिपोर्ट

कलेक्टर के निर्देश पर पीएम आवास योजना में हुई आर्थिक गड़बड़ी की जांच पूरी कर रिपोर्ट कलेक्टर को सौंप दी गई है।

-रवि राही
एसडीएम, सीतापुर



# पहली बारिश झेल नहीं पाया लाखों की लागत से बना एनिकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

छट घाट के समीप लाखों रुपए की लागत से निर्माण कराया गया एनीकट इस साल की पहली बारिश में ही धँसकर क्षतिग्रस्त हो गया है। एनीकट के क्षतिग्रस्त होने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। गौरतलब है कि नगर पंचायत बिश्रामपुर द्वारा करीब 2-3 वर्ष पूर्व बिश्रामपुर-भटगांव मुख्य मार्ग पर स्थित पासंग नाला के पास छठ घाट व एनीकट का निर्माण कार्य करीब उन्नीस लाख रुपए की लागत से कराया गया था।

- नगर पंचायत बिश्रामपुर द्वारा भटगांव रोड में छट घाट के समीप उन्नीस लाख रुपए की लागत से बनवाया गया था एनिकट

यहां पर निर्माण कार्य के दौरान विभागीय अधिकारियों की सतत मॉनिटरिंग के अभाव में ठेकेदार द्वारा अमानक स्तर का कार्य कराए जाने की वजह से छट घाट के साथ ही यहां पर बनवाए गए एनीकट ने इस सीजन की शनिवार को हुई बारिश को भी बर्दास्त नहीं कर सका और धंस कर क्षतिग्रस्त हो गया। लोगों का कहना है कि यहां पर निर्माण कार्य के दौरान यदि विभागीय अधिकारियों द्वारा सतत मॉनिटरिंग करके गुणवत्तायुक्त कार्य कराया जाता तो आज ऐसी स्थिति निर्मित नहीं होती। एनीकट के क्षतिग्रस्त होने से अब यहां पर पानी को रोकने का कार्य पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। बताया जा रहा है कि नगर पंचायत बिश्रामपुर द्वारा छट घाट निर्माण के दौरान इस एनीकट का निर्माण कार्य इसलिए कराया गया था कि छट पूजा के दौरान उपासकों को पानी की सुविधा आसानी के साथ उपलब्ध हो सके, लेकिन अब एनीकट के क्षतिग्रस्त होने से काफी परेशानी झेलनी पड़ेंगी।

## संरक्षा अधिकारी ने दी नियमों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

रेलवे स्टेशन में सेफ्टी विभाग बिलासपुर द्वारा वरिष्ठ संरक्षा अधिकारी साकेत रंजन के मार्गदर्शन में संपन्न किया गया। कार्यक्रम में रेलवे के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने हिस्सा। कर्मचारियों को नियम की जानकारी दी गई।

रेलवे के अंबिकापुर से लेकर दर्रीटोला स्टेशन तक के कर्मचारियों में संरक्षा की जानकारी व उसके प्रति कर्मचारी की जिम्मेदारी को लेकर यह कार्यक्रम बिलासपुर रेल मंडल द्वारा स्टेशन में आयोजित किया गया था। कर्मचारियों को रेल के सुरक्षित रूप से परिचालन के प्रति सचेत रहने को सबसे जरूरी बताया गया। नागरिक व उसके परिवार की जिम्मेदारी को रेलवे ने सबसे महत्वपूर्ण बताया और उसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाशत नहीं किए जाने का कठोर संदेश दिया। संरक्षा संगोष्ठी में मुख्य वक्ता सेफ्टी काउंसलर श्री चौरसिया ने रेल शंटिंग करने के संबंध में जानकारी से सभी कर्मचारियों को अवगत कराया। डीटीआई अभय ने मानसून में ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन के नियमों की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त रेलवे की ओर से




आरके सिंह पीके बघेल, अश्वनी, आनंद विश्वकर्मा ने भी संरक्षण और सुरक्षा से संबंधित नियमों की विभिन्न जानकारियां कर्मचारियों के साथ साझा किया। इस दौरान संतोष कुमार सिंह, कृष्ण नंदन, पीके श्रीवास्तव, उमेश कुमार सिंह, राज किशोर चौधरी, शीतल कुमार, मनोज कुमार, कृष्ण कुमार, शिवकुमार यादव, जितेंद्र, नितिन, विनय, राकेश, अमरदीप, कुणाल, आशुतोष चौबे, हेमंत मिश्रा, विजय कुमार साहू, श्याम सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे।

# भक्तों ने सुना कृष्ण-सुदामा की मित्रता का प्रसंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सुभाष नगर साईं मंदिर रोड में चल रहे श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा के सातवें दिन कथावाचक आचार्य नंद कुमार तिवारी ने विभिन्न प्रसंगों पर प्रवचन दिए। उन्होंने कृष्ण के अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया।

मां देवकी के कहने पर छह पुत्रों को वापस लाकर मां देवकी को वापस देना, सुभद्रा हरण का आख्यान कहना एवं सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए आचार्य नंद कुमार तिवारी ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्रीकृष्ण सुदामा से समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र (सखा) से सुदामा मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। उन्होंने कहा कि सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया, तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं।

इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा



कि कोई उनसे मिलने आया है। अपना नाम सुदामा बता रहा है। जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना भगवान श्रीकृष्ण सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे। सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया और सुदामा को अपने महल में ले गए ओर उनका अभिनंदन किया। इस दृश्य को सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। श्रोताओं ने सुदामा और कृष्ण की झांकी पर फूलों की वर्षा की इसके बाद तिवारी परिवार द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर उनके साथ उनके परिवार के सदस्यों के साथ सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### आत्महत्या के मामले में प्रेमी गिरफ्तार

**अंबिकापुर**। युवती द्वारा आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने लगातार युवती का शोषण करना चाहता था लेकिन जब उसने शादी की बात की तो आरोपी ने शादी से इनकार कर दिया। इस बीच मृतिका व युवक के बीच विवाद भी हुआ और मानसिक रूप से प्रताड़ति हो चुकी युवती ने फांसी लगाकर आत्म हत्या ली। पुलिस से मिली 16 जून को उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम भदवी निवासी युवती ने घर के बाहर बिही पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। युवती द्वारा अज्ञात कारणों से फांसी लगाने के मामले में सूचना उपरान्त मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया गया। इस घटना में जांच के दौरान यह बात सामने आई कि मृतिका का उदयपुर कलचा निवासी जयंत ठाकुर से प्रेम संबंध था और मृतिका युवक से शादी करना चाहती थी लेकिन आरोपी जयंत शादी ना करते हुए सिर्फ शोषण करना चाहता था। घटना दिनांक कों जयंत मृतिका कों साथ मे लेकर गया था और मृतिका रात भर घर वापस नही आई थी। आरोपी द्वारा शादी करने से मना करने पर एवं विवाद करने से प्रताड़ति होकर युवती ने आत्म हत्या की। मामले में पुलिस ने उदयपुर कलचा निवासी 24 वर्षीय जयंत ठाकुर को धारा 306 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उदयपुर कुमारी चंद्राकर, आरक्षक सुरेन्द्र बारी, आरक्षक देवेंद्र सिंह, अजय कुमार शर्मा शामिल रहे।

## हर्राटिकरा में विद्युत केबल विस्तार कार्य में ठेकेदार की मनमानी से ग्रामीण परेशान

**बिश्रामपुर**। ग्राम पंचायत हर्राटिकरा में विद्युत विभाग के केबल विस्तार को ठेकेदार द्वारा मनमाने तरीक़े से लगाए जाने पर स्थानीय ग्रामीणों में ख़ासी नाराज़गी देखने को मिल रही है।



गौरतलब है कि बिश्रामपुर विद्युत वितरण केंद्र अंतर्गत ग्राम पंचायत हर्राटिकरा में कुछ दिनों विभागीय अधिकारियों के मंशानुरूप एलटी लाइन की वर्षों पुरानी जर्जर तार को बदलकर पोल के माध्यम से केबल बिछवाने का कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर ठेकेदार द्वारा लोगों के घरों, दरवाजे, बाड़ी, सड़क व अन्य स्थानों पर मनमानी तरीके से पोल शिफ्ट करके केबल विस्तार किए जाने का कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि ठेकेदार द्वारा यहां पर कुछ नई पोल के अलावे पुरानी पोल के सहारे ही केबल विस्तार करके शासन को आर्थिक नुकसान पहुंचाए जाने का कार्य कराया जा रहा है। ठेकेदार की मनमानी के शिकायत ग्रामीणों द्वारा विभागीय अधिकारियों से किए जाने के बाद भी व्यवस्था में कोई सुधार नहीं होने से लोगों में खासी नाराजगी व्याप्त है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से मांग किया है कि यहां पर ठेकेदार द्वारा कराए गए नियम विरुद्ध कार्य की जांच कराकर तत्काल कार्यवाही की जाए। साथ ही मामले की जांच उपरांत कार्यवाही नहीं किए जाने पर लोगों ने विभागीय कार्यालय का घेराव करके विरोध प्रदर्शन किए जाने की बात भी कही है। बिश्रामपुर विद्युत वितरण केंद्र के सहायक अभियंता प्रतीक बड़ा ने बताया कि हर्राटिकरा गांव में विद्युत केबल की शिकायत ग्रामीणों से मिली है, इसकी जांच विभागीय कर्मचारियों को मौके पर भेजकर कराई गई थी। जांच प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद उचित कार्यवाही की जाएगी।

### दूध विक्रेता के साथ युवकों ने की मारपीट

**बिश्रामपुर**। दूध बेचने गए एक व्यक्ति के साथ जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करके नगदी लूटपाट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। दूध विक्रेता ने मामले की शिकायत थाना में दर्ज करा दी है।



ग्राम पंचायत गोरखनाथपुर फिल्टर प्लांट निवासी प्रार्थी दूध विक्रेता राजेश राय पिता स्व. सुखरंजन राय शनिवार की रात माइनस कालोनी में एक व्यक्ति के यहां रोज़ाना की तरह दूध बेचने गया था। प्रार्थी ने बताया कि जब दूध देकर बाहर अपनी बाइक के पास आकर शेष बचे दूध को नाप रहा था। तभी माइनर्स कॉलोनी का ही गौरव सिंह अपने एक अन्य साथी के साथ आकर दही मांगने लगा। दही नहीं होने की बात जब कही गई तब नाराज होकर गौरव व उसके साथी ने प्रार्थी को जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करके उसके रेनकोट को फाड़कर उसके पॉकेट में रखे उन्नीस हजार रुपए को भी जबरन छिनकर साथ ले गए। साथ ही करीब बीस लीटर दूध को सड़क व नाली पर फेंक दिया। प्रार्थी द्वारा मामले की लिखित शिकायत थाना में दर्ज करा दी गई है। पुलिस द्वारा मामले में गौरव सिंह व उसके साथी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। मामले में जांच के बाद ही वस्तुस्थिति स्पष्ट हो सकेगी। प्रार्थी ने बताया कि दूध बिक्री का एकांत होटल से दस हजार रुपए नगदी व मुख्य मार्केट में स्थित श्याम डेयरी से नौ हजार रुपए नगदी मिला था, जिसे वह रेनकोट के पैकेट में रखा था।

## नगर की पेयजल व्यवस्था चरमराई, नपं ने चलाया सफाई अभियान

# जड़ की जकड़ में आने से पाइप लाइन जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

नगर में पेयजल आपूर्ति करने वाले पाइप लाइन जड़ की जकड़ में आने से जाम हो गए है। वर्षों से पाइप लाइन की सफाई नहीं होने के कारण जड़ फैलने से पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई है ऐसे में नगर पंचायत की टीम पाइप लाइन की सफाई का कार्य कर रही है। इस अभियान के तहत पाइप लाइन से जड़ों के मोटे मोटे गुच्छे निकाले जा रहे है ताकि पानी सप्लाई में होने वाली बाधा को दूर किया जा सके।

विदित हो कि विगत कई दिनों से पेयजल आपूर्ति बाधित होने की वजह से नगर की पेयजल व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है। नगर के कई वार्डो में लोगों को पानी की किल्लत झेलनी पड़ रही है। पाइप लाइन में बाधा उत्पन्न होने की वजह से लोग पानी के अभाव में काफी परेशान नजर आ रहे हैं। इस संबंध में लोगों ने नगर पंचायत को अवगत कराते हुए समस्या से निजात दिलाने की मांग की थी। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद नगर पंचायत ने इस समस्या को दूर करने अभियान छेड़ दिया। सीएमओ के





निर्देश पर पानी सप्लाई के दौरान जहां ज्यादा लीकेज था वहां पाइप लाइन के मरम्मत हेतु खुदाई की गई। खुदाई के दौरान मरम्मत के लिए क्षतिग्रस्त पाइप को खोला गया तो पाइप की हालत देख कर्मचारी हैरान रह गए। लीकेज वाली जगह पर पाइप के अंदर जड़ो ने अपना डेरा जमा रखा था। जड़ की वजह से मेन पाइप लाइन काफी हद तक जाम हो गया था जिसकी वजह से पानी की सप्लाई प्रभावित हो गई थी। सप्लाई प्रभावित होते ही पानी के दबाव की वजह से पाइप लीकेज की समस्या आ गई। इस समस्या को दूर करने नगर पंचायत के कर्मचारियों ने पाइप की सफाई शुरू कर दी है। विगत सप्ताह भर से सफाई अभियान में जुटे कर्मचारियो द्वारा भारी मात्रा में पाइप से जड़ो को बाहर निकाला जा चुका है। अभी भी कुछ जगह ऐसे है जहां पाइप से जड़ो को बाहर निकालने का काम जारी है। हालांकि इस अभियान के दौरान पानी सप्लाई बाधित होने के कारण लोगो को परेशानी उठानी पड़ी। इस संबंध में सीएमओ ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि पाइप में जड़ की वजह से पानी की सप्लाई बाधित हो रही थी। जिसे देखते हुए मेन पाइप लाइन की सफाई कराई जा रही है। जमा जड़ो को साफ कर बाहर निकाला जा रहा है। पाइप लाइन से जड़ साफ होते ही लीकेज की समस्या भी दूर हो जाएगी। इसके साथ ही पानी की सप्लाई सुचारू रूप से होने लगेगा।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI CHIRMIRI
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग
छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
पैट्रोल पंप के सामने, वार्ड नं..-1, पोड़ी,
चिरमिरी, जिला - कोरिया (छ.ग.)
81098-66204 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का विरोध प्रदर्शन 8 जुलाई को

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव चिकित्सा महाविद्यालय में भर्ती, पदोन्नति में शासन ने निर्देशों की अवहेलना करने का आरोप लगाया है। प्रदेश महामंत्री अनिल कुमार पाण्डेय ने बताया कि महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा 21 सितम्बर 2011 को अधिसूचना जारी कर नियम विरूद्ध तरीके से तृतीय श्रेणी अराजपत्रित लिपिक एवं अलिपिक वर्गीय भर्ती नियम की अवहेलना कर सहायक प्रोग्रामर पद पर पदोन्नत कर कर्मचारियों को वायरोलॉजी लैब में नियुक्ति दी गई है। मामले की शिकायत पर संभागायुक्त द्वारा मामले की जांच उपरांत नियम विरूद्ध पदोन्नति को निरस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रबंधन द्वारा पदोन्नति निरस्त नहीं करने से संघ 8 जुलाई को अपनी मांग के समर्थन में अधिष्ठाता कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करेगा।

### महामाया मंदिर के मुख्य द्वार का निर्माण अधर में, श्रद्धालु परेशान



**अम्बिकापुर।** महामाया मंदिर के मुख्य द्वार का निर्माण बेहद धीमी गति से होने के कारण श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। श्रद्धालु लम्बी दूरी तय कर दूसरे रास्ते से मंदिर जा रहे हैं। ननि द्वारा 50 लाख की लागत से रिंग रोड के किनारे भव्य मुख्य द्वार का निर्माण किया जा रहा है। ननि ने मुख्यद्वार के निर्माण की जिम्मेदारी ठेकेदार को सौंपी है तथा निर्माण के लिए एक महीने का समय निर्धारित किया गया है। निर्माण के लिए ननि द्वारा एक महीने तक मार्ग से आवागमन पर रोक लगाई गई है। ठेकेदार ने मुख्यद्वार के निर्माण के लिए आवश्यक तैयारियां कर ली गई है लेकिन 15 दिन का समय गुजरने के बावजूद न तो द्वार निर्माण का कार्य प्रारम्भ हो सका है न ही ढलाई ही हुई है। ऐसे में मुख्यद्वार के निर्माण में लम्बा समय लगने की संभावना है। इधर आवागमन में हो रही समस्या से श्रद्धालु परेशान हैं। मुख्य द्वार के निर्माण का श्रेय लेने की होड़ में लम्बे समय तक व्यस्त रहने वाले जनप्रतिनिधि श्रद्धालुओं की परेशानी से अनभिज्ञ हैं तथा समय सीमा में द्वार का निर्माण पूरा कराने की पहल नहीं कर रहे हैं।

### अंकुर बने कोरिया विभाग संयोजक




**प्रतापपुर।** आखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा कवर्धा में 27 से 30 जून तक प्रदेश अभ्यास वर्ग का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के अंतिम दिन में सूरजपुर जिला के छात्रनेता अंकुर पटेल को छात्र संगठन एबीवीपी ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। अंकुर को कोरिया विभाग का विभाग संयोजक बनाया है।

### श्रमदान कर जिला पंचायत परिसर की हुई साफ-सफाई



**सूरजपुर।** हमर सुघर आफिस अभियान के निर्धारित मापदंडों के अनुसार जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू के नेतृत्व में ज़लि पंचायत कार्यालय परिसर में सामुहिक स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यालय परिसर में श्रमदान कर साफ सफाई की गई। इस दौरान जिला पंचायत के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बिजनेस प्लस




### चेतक इलेक्ट्रिक स्कूटर के नए मॉडल की हुई लॉचिंग

**अम्बिकापुर।** बजाज चेतक इलेक्ट्रिक स्कूटर के नये मॉडल 2901 की लॉचिंग रविवार को मनेन्द्रगढ़ रोड स्थित चेतक एक्सपीरियंस सेंटर में की गयी। इस अवसर पर चेतक कंपनी की पूरी टीम एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। लॉचिंग के अवसर पर 8 ग्राहकों को गाड़ी की डिलिवरी दी गई। संचालक सौरभ अग्रवाल ने बताया कि यह स्कूटर मात्र 95998 रू की एक्सशोरूम कीमत पर उपलब्ध है। यह मेटल बॉडी स्कूटर है जिसमें डिजीटल डिस्प्ले 2.9 किलोवाट की बैटरी एवं 123 किलोमीटर की माइलेज जैसी कई खुबिया दी गई है। इस मॉडल में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी भी लागू है। यह मॉडल 4 आकर्षक कलर लाइम येलो, रेसिंग रेड, साइबर वाइट, एवं एबोनी ब्लैक कलर में उपलब्ध है तथा बजाज फायनेंस द्वारा मात्र 19999 के डाउनपेमेंट पर फायनेंस सुविधा दी जा रही है।

---

#### मनमानी दर पर बिक्री कर रहे खाद व बीज

# नकली खाद-बीज से किसान परेशान बाजार में धड़ल्ले से की जा रही बिक्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

**खास बात**
- बारिश होते ही खेती किसानी में जुटे किसान

बरसात शुरू होने के साथ ही किसान इन दिनों खेती-बाड़ी में व्यस्त है। इधर नगर में बड़े पैमाने पर नकली खाद-बीज की बिक्री दुकानों में धड़ल्ले से की जा रही है। ऐसा नहीं है कि नकली खाद बीज के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों को जानकारी नहीं है बावजूद इसके किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं करने से नकली खाद बीज के व्यापारियों के हौसले बुलंद है। इधर बाजार में उपलब्ध नकली खाद बीज ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

विकासखंड प्रतापपुर क्षेत्र में इन दिनों नकली खाद और बीज की बिक्री इन दिनों धड़ल्ले से चल रहा है वही हाइब्रिड धान, खाद सहित अन्य प्रकार के बीज की कालाबाजारी हो रही है और अनाप-शनाप रेट में किसान लेने को मजबूर हैं। बताया जा रहा है कि यह नकली खाद बिहार एवं उत्तर प्रदेश से 300 से 400 बोरी में आते हैं। जिसे इफको यूरिया सहित कई प्रकार के अन्य खाद ओरिजिनल बोरी की मार्किंग कर नकली खाद को डालकर धड़ल्ले से क्षेत्र में खपाया जा रहा है। क्षेत्र के गरीब किसान नकली खाद एवं बीज के समस्या से जूझ रहे है। किसान अपनी गाढ़ी कमाई का हिस्सा से खाद बीज खरीदते है जबकि बाजार में मिलने वाले खाद नकली एवं उर्वरक कम होते हैं। बनावट खाद दिखने में असली प्रतीत होते हैं जिसकी वजह से किसान ठगे जाते हैं। किसानों ने बताया कि नकली खाद और बीज के वजह से उनके जमीन बंजर हो जा रही है तथा जमीनों का उर्वरक क्षमता कम होती जा रही है। पहले जिस जमीन पर वे प्रति एकड़ में 20 क्विंटल धान कमाते थे अब इसका रकबा घट गया है जिससे क्षेत्र के किसान चिंतित है।




खेत में तैयारी करते किसान, इनसेट में नकली खाद।

**3 सौ रुपए खाद बेच रहे 15 से 18 सौ रुपए में**

नकली खाद क्षेत्र में बड़ी मात्रा में खपाई जा रही है। बरसात का मौसम शुरू होने से पूर्व ही नकली खाद के गोढ़ाम में डंप कर रख दिया जाता है। इसके बाद नकली खाद का बोरी बदलकर असली खाद के बोरी में प्रिंटेड कर डाल दी जाती है। जिसके बाद नकली खाद को ही बाजार में 15 से 18 सौ रुपए में बिकता है।

**खानापूर्ति का आरोप**

कृषि विभाग के अधिकारी जांच के नाम पर किसानों ने खानापूर्ति करने का आरोप लगाया है। सूत्रों की माने तो दुकानदारों से जांच के नाम से खाना पूर्ति कर सैंपल लेते हैं। नकली खाद भी है तो उसके जगह सैंपल में असली खाद लेकर ही भेजा जाता है ताकि स्थिति को सामान्य बताया जा सके। खाद विक्रेताओं ओरिजिनल खाद का गोदाम को दिखाते जबकि कई जगह नकली गोदाम होते हैं। किसानों ने मांग किया है कि शासन प्रशासन द्वारा खाद जांच में पारदर्शिता के साथ प्रत्येक दिन टेस्ट करें ताकि अवैध कारोबारी में हड़प्पा मचा रहे।

**की जाएगी कार्रवाई**

खाद सैंपलिंग सहित लगातार छापामार कार्रवाई की जाएगी। नकली खाद बीज बेचने वाले को बख्शा नहीं जाएगा। जिले में टीम गठित कर कार्रवाई के अनुशंसा की जाएगी। नकली खाद बीज की शिकायत किसानों से भी मिल रही है।

**-शिव शंकर यादव**
कृषि विस्तार अधिकारी

---

# किसान के खाते से दूसरे ने निकाल ली राशि, कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अधिना

किसान के खाते से दूसरे व्यक्ति द्वारा राशि निकालने की शिकायत पीड़ित किसान ने कलेक्टर से की है।



जनपद पंचायत भैयाथान अंतर्गत ग्राम पंचायत केवटाली निवासी पूरन राजवाड़े आ. नानराम (45 वर्ष) वर्ष 2022 में अपने नाम पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा बिश्रामपुर में खाता खुलवाया था। खाते के पासबुक में किसान का फोटो भी चिपकाया गया और खाते में किसान द्वारा धान विक्रय भी किया। यहां तक धान विक्रय की राशि भी प्राप्त हुई परंतु वर्ष 2023 में बैंक द्वारा बताया गया कि यह खाता आपका नहीं है। किसान ने बताया कि पूर्व में इसी खाते में धान बेचा था और मुझे उसकी राशि भी प्राप्त हुई है। जिसके बाद बैंक द्वारा किसान के नाम पर दूसरा खाता खोला गया। किसान को 2023 में बिक्री किए गए धान का बोनस का पैसा भाजपा सरकार द्वारा जारी किया गया लेकिन बोनस राशि आज तक किसान को नहीं मिला। पीड़ित किसान ने घटना की शिकायत कलेक्टर से भी किया गया लेकिन शिकायत के बाद भी समस्या का निराकरण नहीं हो सका जिससे किसान बैंक का चक्कर लगाने को मजबूर है।

**एक अन्य पूरन राजवाड़े ने निकाल लिया पैसा**

किसान पुरन राजवाड़े द्वारा 1 जनवरी 2023 को मंडी सलका में धान बेचा था। बेचे गए धान का पैसा किसान द्वारा 20 जनवरी को बैंक से 20 हजार निकाला था। किसान दोबारा जब पैसा की आवश्यकता होने पर विश्रामपुर सहकारिता बैंक में निकालने गया तो बैंक मैनेजर ने बताया बताया कि तुम्हारे खाते से दो बार पैसा निकाला जा चुका है। जब किसान ने पैसा नहीं निकालने की बात कही तो जांच में पता चला कि सूरजपुर जिला जनपद पंचायत भैयाथान अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटकोली निवासी एक अन्य पूरन राजवाड़े द्वारा एक ही दिन में दो बार पैसा निकाला था। जिस पर हस्ताक्षर का मिलान किया गया तो हस्ताक्षर नहीं मिला।

**जांच प्रतिवेदन के आधार पर की जाएगी कार्रवाई**

संबंधित अधिकारी को पत्राचार के माध्यम से भेज दिया गया है। जांच कर प्रतिवेदन बनाया जाएगा कि क्या त्रुटि हुई है। जांच प्रतिवेदन के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**सतेंद्र भगत,** ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी

---

# 3 नए कानून के बारीकियों से अवगत हुए जिले के पुलिस अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- सहायक प्राध्यापक विधि डॉ. प्रिया राव ने वर्चुअल माध्यम से दिया प्रशिक्षण

तीन नए कानून 1 जुलाई से प्रभावशील हो जाएगा, कानून की बारीकियों से अवगत कराने ताकि उसके क्रियान्वयन में दिक्कत न आए इसके लिए आज पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के सहायक प्राध्यापक विधि डॉ. प्रिया राव द्वारा वर्चुअल माध्यम से जिले की पुलिस अधिकारियों को नए कानूनों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।



सहायक प्राध्यापक डॉ. राव ने सरल शब्दों में तीन नए कानूनों, एफआईआर दर्ज करने के बाद से लेकर चालान प्रस्तुत करने तक के प्रक्रिया एवं विवेचना के दौरान व्यवहारिक रूप से दिक्कतों का निराकरण कैसे की जाती है, डिजिटल, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के संकलन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय संहिता 2023 में कुल 358 धाराएं होंगी जबकि वर्तमान कानून में यह 511 हैं। जिसमे 21 नई धाराओं को जोड़ा गया है, 41 धाराओं में सजा को बढ़ाया गया है। 82 धाराओं में फाईन को बढ़ाया गया है। 25 धाराओं में न्यूनतम सजा का प्रावधान, 6 धाराओं में सामुदायिक अपराधों को जोड़ा गया है एवं 19 धाराओं को हटाया गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में 531 धाराएं होंगी जबकि वर्तमान कानून में यह 484 है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 में कुल 170 धाराएं हैं, वर्तमान कानून में 166 धाराएं हैं। जिला पुलिस कार्यालय में उप पुलिस महानिरीक्षक एमआर आहिरे सहित पुलिस राजपत्रित अधिकारी, जिले थाना-चौकी प्रभारी एवं विवेचक वर्चुअल बैठक में सम्मिलित हुए। बैठक समाप्त होने के उपरान्त एसएसपी एमआर आहिरे ने तीन नए आपराधिक कानून के क्रियान्वयन हेतु तैयारियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सभी पुलिस अधिकारी इस कानून के बारे में कानूनी किताब एवं पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी एसओपी से अवगत होकर जानकारी प्राप्त कर ले ताकि कानून लागू होने पर स्पष्ट तरीके से क्रियान्वयन हो सके और इसमें किसी प्रकार की दिक्कत न जाए। आम लोगों को इन कानूनों की जानकारी हो इसके लिए विभिन्न माध्यमों से कानूनों का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। एक जुलाई को जिला मुख्यालय व हर थाने में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें नए कानून के बारे में लोगों को जानकारी दी जाएगी। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, डीएसपी रितेश चौधरी, एसडीओपी नंदिनी ठाकुर, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप सहित जिले के थाना-चौकी प्रभारी मौजूद रहे ।

# आकाशीय बिजली गिरने के मामले में डेंजर जोन बना सोनहत का लटमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बरसात के शुरूआत के साथ ही आकाशीय बिजली गिरने की घटना भी होती है। कोरिया जिले में आकाशीय बिजली कई लोगों की जान ले लेती है, इसके अलावा मवेशियों को भी काल के गाल में समा देता है, वहीं मकानों एवं पेड़ों को भी क्षति पहुंचती है।

आकाशीय बिजली के प्राकृतिक प्रकोप से जिले में प्रतिवर्ष जनहानि होती है। वैसे तो कोरिया जिले में शुरूआती बरसात में आकाशीय बिजली गिरने की घटना अधिक होती है,लेकिन जिले के कई गांव ऐसे भी है,जहां प्रतिवर्ष बरसात के दौरान आकाशीय बिजली कहर बनकर गिनती है। ऐसा ही गांव जिले के सोनहत जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत लटमा है। आकाशीय बिजली के लिए यह गांव डेंजर जोन अंतर्गत आता है, क्योंकि यहां प्रतिवर्ष आकाशीय बिजली गिरने के कारण नुकसान होते आया है। यह तो खुशकिस्मत है कि ग्राम लटमा के पंचायत भवन के पास तड़ति चालक लगा हुआ है और पास में ही



प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय स्थित है, जहां बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं, जिनके लिए पंचायत भवन के पास लगा तड़ति चालक सुरक्षा कवज का कार्य करता है, जिससे कि उक्त दोनों स्कूलों में अब तक किसी प्रकार की यह प्राकृतिक घटना का प्रभाव नहीं पड़ा। जानकारी के अनुसार लगभग डेढ़ दशक पूर्व स्कूल छुट्टी के बाद जब बच्चे अपने-अपने घर जाने के लिए निकले, इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरी और खेल मैदान के कोने के हिस्से में एक छात्र आकाशीय बिजली के चपेट में आने से छात्र की मौत हो गई थी।

# एसएसपी ने सेवानिवृत्त हुए तीन अधिकारियों को किया सम्मानित

**सूरजपुर।** पुलिस विभाग में पदस्थ रहे एसआई जगसाय ने 39 वर्ष 4 माह, एसआई राजेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव ने 36 वर्ष 10 माह एवं एएसआई शोभित राम ने 42 वर्ष 6 माह तक लगातार अपनी सेवा देकर 30 जून को सेवानिवृत्त हुए। रविवार को जिला पुलिस कार्यालय में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एमआर आहिरे तीनों अधिकारियों को साल-श्रीफल एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया और पेंशन स्वीकृति का आदेश सौंपा। इस दौरान सेवानिवृत्त एसआई व एएसआई का पूरा परिवार मौजूद रहे।



इस दौरान एसएसपी एमआर आहिरे ने कहा कि तीनों पुलिस अधिकारी लंबी अवधि तक विभाग में सेवाएं दी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ सौंपे गए दायित्व का निर्वहन किया। इनका रिकॉर्ड बहुत अच्छा है इससे दूसरों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस का कार्य लोगों की भलाई और सेवा के साथ ही अपराधियों के विरूद्ध कार्रवाई कर सजा दिलाना होता है जिसे तीनों ने बखूबी निभाया। प्रकृति का नियम है आप दूसरों के लिए अच्छा करेंगे तो आपके साथ अच्छा होगा। सेवा के बाद दूसरी पारी में परिवार के साथ समय व्यतीत कर खुश रहे। पुलिस विभाग की सेवा से सेवानिवृत्त हुए तीनों अधिकारियों को साल, श्रीफल एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया और बेहतर स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान सेवा निवृत्त हो रहे तीनों अधिकारियों द्वारा सेवा के अनुभव को साझा किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, डीएसपी रितेश चौधरी, एसडीओपी नंदिनी ठाकुर, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप सहित जिला पुलिस कार्यालय व रक्षित केन्द्र के अधिकारी मौजूद रहे।

### काम पर जा रहे युवक पर गड़ासा से वार

**अम्बिकापुर।** काम पर जा रहे युवक को एक व्यक्ति ने गड़ासा से जानलेवा हमला कर दिया। घायल को अस्पताल में उपचार जारी है। कांतिप्रकाशपुर निवासी संतोष कुमार टोप्पो आ. भरत साय टोप्पो शुक्रवार को फैक्ट्री में काम करने दोपहर को जा रहा था। जैसे ही युवक फैक्ट्री के समीप पहुंचा तभी गांव के ही महेन्द्र लकड़ा गड़ासा लेकर आने वाले लोगों को मारने दौड़ा रहा था। जिसे देख युवक भागने लगा तो कीचड़ में पैर फंस जाने भाग नहीं सका। इसी बीच महेन्द्र लकड़ा ने उसके पैर में गड़ासा से वार कर दिया। किसी तरह युवक भाग की जान बचाई। परिजन युवक को अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित युवक की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट सहित 294, 506, 3233, के तहत अपराध दर्ज किया है।

# नशीले इंजेक्शन का तस्कर जाकर छिप गया नाली में, पुलिसकर्मियों ने खींचकर निकाला बाहर

- 100 नग प्रतिबंधित इंजेक्शन के साथ पकड़े गए थे दो आरोपी, मुलाहिजा के लिए जाते समय भागा था एक आरोपी

**अंबिकापुर।** नशीले इंजेक्शन की तस्करी के आरोप में पकड़ा गया आरोपी युवक पुलिस चंगुल से भाग निकला लेकिन बाद में पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी पुलिस को चकमा देकर नाली में जाकर छिप गया लेकिन पुलिस ने भी आरोपी का पीछा नहीं छोड़ा और फिर आरोपी को नाली के अंदर से खींच कर बाहर निकाला।



फिलहाल आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया है। बता दें कि 28 जून को गांधीनगर पुलिस द्वारा रात्रि गश्त के दौरान कन्या परिसर रोड़ मे दो युवक पुलिस को देखकर भागने लगे थे। पुलिस ने जब घेराबंदी कर युवकों को पकड़ा गया तो उनकी पहचान गांधीनगर गंगापुर नालापारा निवासी 23 वर्षीय सूरज उर्फ रोहित दोहरे व भट्टापारा निवासी 20 वर्षीय रोहित मालाकार को पकड़ा गया था। आरोपियों के पास से 100 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया गया था। एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किए गए आरोपियों को पुलिस मुलाहिजा के लिए अस्पताल लेकर जा रही थी। इस दौरान रोहित मालाकार पुलिस से हाथ छुड़ाकर भाग निकला। आरोपी के भागने पर पुलिसकर्मियों ने भी उनका पीछा करना शुरू कर दिया। इस दौरान आरोपी भागते हुए मोहल्ले के अंदर एक बड़े नाली में घुसकर छिप गया। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो वार्ड के लोगों ने उन्हें बता दिया कि आरोपी नाली में छिपा हुआ है जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने आरोपी को नाली के अंदर से खींचकर बाहर निकाला और उसके बाद आरोपियों को जेल भेज दिया गया। नशेड़ी आरोपी को नाली से निकालने का वीडियो अब जमकर वायरल हो रहा है।

#### अर्थदंड लगाने के निर्देश, सूरजपुर जिले में रक्षित केंद्र व एसपी कार्यालय का निरीक्षण

# आईजी ने रिकार्ड संधारण में लापरवाही पर लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा रेंज के आईजी अंकित गर्ग ने सूरजपुर जिले में वार्षिक निरीक्षण किया। आईजी ने रक्षित केंद्र सूरजपुर में परेड की सलामी ली। इसके बाद उन्होंने परेड का निरीक्षण किया। परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को आईजी ने नगद पुरस्कार से प्रोत्साहित किया। वहीं आईजी श्री गर्ग ने वाहन शाखा का निरीक्षण किया और निरीक्षण के दौरान रिकार्ड संधारण में लापरवाही सामने आने पर रक्षित निरीक्षक व वाहन शाखा प्रभारी को फटकार लगाते हुए अर्थ दंड से दंडित किया है।

आईजी ने शासकीय वाहनों का निरीक्षण कर वाहन चालक आरक्षकों का समय-समय पर नेत्र परीक्षण कराने, समय पर वाहनों का सर्विसिंग कराने और वाहन के बेहतर रखरखाव के निर्देश दिए। आईजी ने स्टोर शाखा में रखे सामग्रियों के रख रखाव एवं सही समय पर जवानों को वितरण हेतु निर्देश दिए एवं अन्य उपयोगी उपकरणों को समय समय पर मरम्मत कराने एवं मेंटेन रखने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने आर्म्स शाखा निरीक्षण कर हथियारों को सुरक्षित रखने तथा नियमित रूप से साफ सफाई व मेंटेन रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। रक्षित केंद्र का निरीक्षण करने के बाद आईजी एसपी कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने विभिन्न शाखाओं के कार्यों का बारीकी से अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान रिकॉर्ड संधारण एवं कार्यालयीन कार्यों में लापरवाही, खामियां पाए जाने पर रेंज आईजी द्वारा संबंधित शाखा प्रभारियों को फटकार लगाते हुए अर्थदंड से दंडित किया गया। निरीक्षण उपरान्त आईजी अंकित गर्ग व एसएसपी एमआर आहिरे द्वारा रक्षित केंद्र सूरजपुर में पुलिस दरबार का आयोजन किया गया। दरबार में पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों से रूबरू होते हुए रेंज आईजी ने उनकी समस्याएं सुनी और निराकरण का आश्वासन दिया। एक जवान के द्वारा रक्षित केंद्र में पानी की उपलब्धता के लिए ओव्हर हेड टैंक निर्माण कराए जाने की गुजारिश की जिसपर आईजी द्वारा निर्माण कराने की प्रक्रिया पर जल्द कार्रवाई करने की बात कही। इस दौरान एएसपी संतोष महतो, सीएसपी एसएस पैंकरा, एसडीओपी सूरजपुर नंदिनी ठाकुर, एसडीओपी प्रतापपुर अरूण नेताम, एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, डीएसपी अजाक पीडी कुजूर, डीएसपी रितेश चौधरी, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी, आईजी स्टेनो पुष्पेन्द्र शर्मा, रीडर सुभाष ठाकुर व अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।




तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ

| | |
|---|---|
| डॉ. मोहित गुप्ता<br>MD (Medicine)<br>मधुमेह एवं हृदय रोग विशेषज्ञ<br>सामान्य एवं जटील रोग विशेषज्ञ | डॉ. हेमन्त कुमार बी<br>MBBS, DCH, DNB<br>शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ<br>किम्स हॉस्पिटल, आंध्रप्रदेश |
| डॉ. पूजा<br>स्त्री, प्रसुति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ | डॉ. आशीष कुमार जायसवाल<br>एम. डी. फिजीशियन |
| डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय<br>MBBS, DNB Ortho<br>हड्डी रोग विशेषज्ञ | डॉ. मनोज भारती<br>MBBS, MS<br>हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला<br>स्तन की गांठ |
| मनोचिकित्सक<br>एवं यौन रोग विशेषज्ञ | सैदर्य बालों<br>एवं चर्म रोग के विशेषज्ञ |
| डॉ. सुरभि<br>BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology)<br>दंत एवं मुख विशेषज्ञ | डॉ. हिमांशु गुप्ता<br>MD ONCO<br>कैंसर रोग विशेषज्ञ |
| डॉ. विकास गुप्ता<br>MBBS, D-Ortho<br>अस्थि रोग विशेषज्ञ | डॉ. जी के दामले<br>MS, ENT<br>नाक कान गलारोगों के वरिष्ठ<br>अनुभवी विशेषज्ञ |
| डॉ. संदीप गुप्ता<br>MBBS, DCH मुंबई<br>शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ | डॉ. प्रवीन कुमार सिंह<br>MBBS, MS<br>हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला<br>स्तन की गांठ |
| आडियोलॉजिस्ट &<br>स्पीच थैरेपिस्ट | फिजियोथैरेपी एवं<br>नैचुरोपैथी |

अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें
07774222555, 9425583780, 9826183780
8224007799, 8718003300, 6262639090

आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध



# यादगार किरदारों के लिए गंभीरता जरूरी : नवाजुद्दीन

**नई दिल्ली।** साल 2018 में मशहूर निर्देशक संजय लीला भंसाली की फिल्म 'पद्मावत' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में रणवीर सिंह ने अलाउद्दीन खिलजी का ऐतिहासिक किरदार निभाया था। अभिनेता ने बताया था कि इस किरदार को निभाने के लिए डार्क जोन में चले गए थे और अकेले रहने लगे थे, जिस वजह से इस किरदार का उन पर गहरा असर हुआ था। उनके इस बयान को अभिनेता प्रशांत नारायणन ने झूठ और बकवास करार दिया था, जिसपर अब नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने रणवीर का समर्थन करते हुए बिना नाम लिए प्रशांत नारायण के बयान को गैर-जिम्मेदाराना बताया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के किरदार तभी जीवंत होते हैं, जब कोई अभिनेता गंभीरता से इन किरदारों को निभाता है।

लाइफ Style



# श्रद्धा

## अमिताभ की तारीफों के बांधे पुल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'कल्कि 2898 एडी' फिल्म हाल में ही सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। फिल्म को दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। बॉक्स ऑफिस पर हुई फिल्म की कमाई बताती है कि फिल्म दर्शकों को काफी पसंद आ रही है। इस फिल्म को दर्शकों के अलावा फिल्मी हस्तियों से भी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है।

फिल्म में अमिताभ बच्चन के अभिनय और उनके किरदार पर दर्शक काफी प्यार लुटा रहे हैं। इस कड़ी में अब अभिनेत्री श्रद्धा कपूर का नाम भी शामिल हो गया है। हाल में ही उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बहुचर्चित फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की समीक्षा की है। इस दौरान उन्होंने महानायक अमिताभ बच्चन की काफी तारीफ की है। इस वक्त पूरे देश में 'कल्कि 2898 एडी' को लेकर चर्चा हो रही है। ऐसे में श्रद्धा कपूर भी इस फिल्म को देखे बिना नहीं रह पायीं और फिल्म देखने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की। उन्होंने लिखा,' क्या उत्तर, क्या दक्षिण, क्या पूर्व, क्या पश्चिम। सारा सिनेमा एक तरफ।' अगली स्लाइड में उन्होंने फिल्म से बिग बी की एक तस्वीर साझा करते हुए आग और सैल्यूट इमोजी के साथ लिखा, 'अमिताभ बच्चन एक तरफ।' इसके अलावा पोस्ट के कैप्शन में अभिनेत्री ने अमिताभ बच्चन को टैग करते हुए लिखा,'आप अपने आप में ही एक सिनेमैटिक यूनिवर्स हैं।' उनके पोस्ट से जाहिर है कि फिल्म में अमिताभ बच्चन के अभिनय ने उनका दिल जीत लिया है। श्रद्धा कपूर हिंदी ने अब तक के करियर में वह कई शानदार फिल्मों का हिस्सा रही है।

हॉलीवुड मसाला



# इनसाइड आउट-2 का दबदबा कायम

**लॉस एंजिलिस।** एनिमेटेड फिल्म इनसाइड आउट 2 का बॉक्स ऑफिस पर धमाल जारी है। डिज्नी/ पिक्सर की यह फिल्म दुनियाभर में धमाकेदार कमाई कर रही है। गुरुवार तक इस फिल्म ने वैश्विक स्तर पर 86.31 करोड़ डॉलर का कलेक्शन कर लिया। कमाई के मामले में इसने अपनी मूल फिल्म को भी पीछे छोड़ दिया है। इनसाइड आउट ने 85.9 करोड़ रुपए का बिजनेस किया था। वहीं, इसके सीक्वल ने रिलीज के सिर्फ 16 दिनों में ही यह कारनामा कर दिखाया है।



# यौन उत्पीड़न के आरोप में तीन साल की मिली सजा

**लॉस एंजिलिस।** फ्रांस के राष्ट्रीय फिल्म बोर्ड के अध्यक्ष डोमिनिक बाउटोनेट को अपने गॉडसन पर यौन उत्पीड़न के आरोप में दोषी पाए जाने के बाद तीन साल की जेल की सजा दी गई है। इसमें वह एक साल हिरासत में रहेंगे। इसके अलावा उन्हें फ्रांस के राष्ट्रीय सिनेमा केंद्र (सीएनसी) के प्रमुख के पद से भी इस्तीफा देना पड़ा है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, डोमिनिक बाउटोनेट को जेल में समय नहीं बिताना पड़ेगा, लेकिन उम्मीद है कि वह हिरासत के एक साल तक इलेक्ट्रॉनिक ब्रेसलेट के साथ घर में नजरबंद रहेंगे। डोमिनिक बाउटोनेट ने हमेशा इन आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने अदालत से बाहर निकलते समय अपनी बेगुनाही की पुष्टि की थी। इसके साथ ही कहा था कि वे फैसले और सजा के खिलाफ अपील करेंगे।



# दस साल के शुद्ध प्रेम का जश्न

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तब्बू इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'औरों में कहां दम था' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। इस फिल्म में वह अजय देवगन के साथ नजर आएंगी। ये फिल्म 5 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। अपनी शानदार अदाकारी के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर अपने पेट डॉग चिन्नू के लिए दिल छू लेने वाला एक नोट लिखा है। '29 जून 2014 को एक गर्म और उमस भरे दिन में चिन्नू घर आया। वह एक छोटे से बिंदु की तरह दिख रहा था, जो बाद में मेरे परिवार और दोस्तों के बीच शामिल हो गया। दस साल के शुद्ध प्रेम का जश्न मनाना, हंसी और आंसू बांटना, बगीचे में टहलना, अपनी भौंकने की आवाज से बड़े-बड़े प्यारे जानवरों को डराना और भी बहुत कुछ। इसके साथ ही उसे सभी से मिल रहे प्यार का जश्न मनाना।



# 'कल्कि 2898 एडी' की जमकर तारीफ की

**मुंबई।** फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' को देखकर फिल्मी सितारे अपने प्रतिक्रिया दे रहे हैं। शनिवार को सुपरस्टार रजनीकांत ने भी फिल्म देखने के बाद जमकर तारीफ की है, साथ ही दूसरे पार्ट के प्रति उत्साह जाताया है। अमिताभ बच्चन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और कमल हासन की फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' सिनेमाघरों में लगी हुई है। ओपनिंग डे पर फिल्म को दर्शकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिली। दर्शकों के साथ-साथ फिल्मी सितारे भी इस फिल्म को देखने के बाद अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। हाल ही में अभिनेता रजनीकांत ने इस फिल्म को देखने के बाद तारीफ की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स हैंडल से पोस्ट साझा की है।'फिल्म'कल्कि 2898 एडी' देख ली है। और वाह! क्या शानदार फिल्म है।

टीवी मसाला



# चिराग-दीपिका की अनोखी प्रेम कहानी

**मुंबई।** स्टार प्लस अपने दर्शकों के लिए कई दिलचस्प मजेदार टीवी शोज पेश करता रहता है। ऐसे टीवी शोज जो अपनी कहानी से लोगों के दिलों में खास जगह बना लेते हैं। ऐसे ही मनोरंजक टीवी सीरियल्स के लिए प्रसिद्ध है स्टार प्लस। स्टार प्लस के पास शो की एक अद्भुत श्रृंखला है, जिसका उद्देश्य न केवल मनोरंजन करना है बल्कि सक्त बनाना भी है। इस सूची में कई टीवी सीरियल्स शामिल हैं, जैसे आज के समय में सभी का पसंदीदा टीवी शो 'अनुपमा', 'गुम है किसी के प्यार में', 'ये रिश्ता क्या कहलाता है', 'उड़ने की आशा', 'माटी से बंधी डोर', 'झनक' और 'ये है चाहतें'। ये सभी टीवी सीरियल्स फैमिली ड्रामा, रोमांच और रोमांस से भरे हुए हैं। ये सभी टीवी धारावाहिक दर्शकों को बेहद पसंद हैं। अब इसी कड़ी में एक और टीवी सीरियल जुड़ने जा रहा है। स्टार प्लस अपने दर्शकों के लिए एक और रोमांच और रोमांस से भरा टीवी सीरियल लेकर आ रहा है, जिसका नाम है 'दिल को तुमसे प्यार हुआ'। यह शो पूरी तरह से एक प्रेम कहानी पर आधारित है। इस टीवी शो में अदिति त्रिपाठी (दीपिका की भूमिका) और अक्षित सुखिजा (चिराग की भूमिका) मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

## दर्शकों को गुदगुदाने वापस आ रहे हैं जाकिर



**नई दिल्ली।** कॉमेडियन जाकिर खान आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी बहुमुखी प्रतिभा से काफी लोकप्रियता हासिल करने के साथ-साथ अपने फैंस के दिल में स्थायी तौर पर जगह बना ली है। वह एक लोकप्रिय भारतीय कॉमेडियन, लेखक, कवि के साथ-साथ एक अच्छे अभिनेता भी हैं। वह साल 2012 में कॉमेडी सेंट्रल की एक कॉमेडी प्रतियोगिता जीत कर चर्चा में आए थे। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। जाकिर खान एक बार फिर से दर्शकों के दिल पर राज करने आ रहे हैं। वह जल्द ही सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होने वाले अपने नए शो 'आपका अपना जाकिर' के साथ छा जाने को तैयार हैं। शो में दर्शकों को उनकी हंसी, शायरी और जिंदगी से जुड़े दिलचस्प वाकये और नुस्खे देखने को मिलेंगे।

# जूही ने 'विद लव, आप की सैयारा' नाटक के साथ बनाया रिकॉर्ड...



**मुंबई।** राज बब्बर और नादिरा बब्बर की बेटी व अभिनेत्री जूही बब्बर ने एक उपलब्धि हासिल की है। उनका चर्चित नाटक 'विद लव, आप की सैयारा' ने शतक लगा दिया है। शुक्रवार 28 जून को इस नाटक का 100वां शो दिखाया गया। बेटी की इस उपलब्धि मे पिता राज बब्बर भी शामिल हुए। उनके अलावा जूही बब्बर के हमसफर व अभिनेता अनूप सोनी भी नजर आए। इनके अलावा और भी कई हस्तियां शो देखने पहुंचीं। जूही बब्बर ने 'विद लव, आप की सैयारा' नाटक के 100 शो पूरे होने की खुशी को सौ महिलाओं के साथ सेलिब्रेट किया। इस खास अवसर पर चर्चित अभिनेत्री तापसी पन्नू, नंदिता दास, रसिता जोशी सहित टीवी की चर्चित अभिनेत्री सौम्या टंडन भी शामिल हुईं।



# अभी शादी नहीं करेंगे जैस्मिन व अली!

**नई दिल्ली।** जैस्मिन भसीन और अली गोनी टीवी की सबसे प्यारी जोड़ियों में से एक हैं। वह काफी समय से एक दूसरे के साथ हैं। दोनों से अक्सर उनकी शादी के बारे में सवाल पूछे जाते हैं और तरह-तरह की अटकलें लगाई जाती हैं। अब अभिनेत्री जैस्मिन भसीन ने अपनी शादी को लेकर संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा है कि वे जल्दी शादी के बंधन में नहीं बंध सकते हैं। दरअसल, हाल ही में एक साक्षात्कार के दौरान जब उनसे उनकी शादी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि जब मन करेगा तब वो ऐसा करेंगे। उन्होंने यह भी साझा कि फिलहाल दोनों अपने-अपने काम में व्यस्त हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक साक्षात्कार के दौरान जैस्मिन ने कहा कि शादी को लेकर उन दोनों ने अभी कोई योजना नहीं बनाई है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी बैठकर ये योजना नहीं बनाई की वो इसे कल या परसो कर ले। जब उनका मन करेगा तब शादी कर लेंगी।

## 'सोहनी महिवाल' के लिए अनुपमा देशपांडे को मिला फिल्मफेयर पुरस्कार

# स्क्रैच सुनने के बाद आशा भोसले ने कहा, इसी आवाज में रहेगा फिल्म में ये गाना



*मुंबई। हिंदी सिनेमा की शीर्षस्थ गायिकाओं में शुमार आशा भोसले की आत्मकथा के विमोचन पर जिस अंदाज में गायक सोनू निगम ने उनका अभिनंदन किया, वह एक मिसाल है। आशा भोसले को उनकी बाद की पीढ़ी के गायकों का खूब प्यार और सम्मान मिला है और इसे हासिल करने के लिए आशा भोसले ने बरसों तक कड़ी मेहनत भी की है। आशा भोसले को हिंदी सिनेमा में एक बेलौस और बिंदास शख्सियत के तौर पर जाना जाता है, लेकिन क्या आपको पता है कि आशा भोसले की बदौलत ही गायिका अनुपमा देशपांडे का करियर चमका था और उन्हें फिल्म 'सोहनी महिवाल' के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला।*

### अनु मलिक की बदली तकदीर

फिल्म 'सोहनी महिवाल'का एक सुपरहिट गाना है, सोनी चनाब दे किनारे। आनंद बक्षी ने यूं लगता है कि जैसे अपना दिल उड़ेल दिया हो इस गाने में। अनु मलिक ने भी ये गाना इसकी पूरी पंजाबियत के साथ कंपोज करके अपने पिता सरदार मलिक का नाम रोशन किया। गाने की धुन तैयार होने के बाद आशा भोसले को जब मौका मिला तो वह आईं गाना रिकॉर्ड करने। गाने का मूड समझाने के लिए उन्हें इसका स्क्रैच सुनाया गया, इसे सुनकर ही आशा भोसले को ये गाना डब करना था। आशा ने जैसे ही गाने का मुखड़ा सुना, उन्होंने आंखें मूंद ली। पूरा गाना सुनने तक वह यूं ही बैठी रहीं। अनु मलिक परेशान। कहीं गलती तो नहीं हो गई।

### गाना यही रहेगा

लेकिन, स्क्रैच सुनने के बाद आशा भोसले ने जो कहा उसकी मिसाल अभी और कई पीढ़ियों तक दी जाती रहेगी। उन्होंने कहा कि इस स्क्रैच को ही फिल्म के साउंडट्रैक में फाइनल सॉन्ग समझकर शामिल कर लो। इस गायिकी से बेहतर गाना बहुत मुश्किल है। स्क्रैच वाला गाना ही फिल्म में इस्तेमाल हुआ और इसी गाने के लिए उभरती गायिका अनुपमा देशपांडे को मिला उनके करियर का पहला बेस्ट फीमेल सिंगर फिल्मफेयर अवार्ड।



### राजेश खन्ना के साथ बननी थी 'सोहनी महिवाल'

और, सिर्फ अनुपमा देशपांडे ही क्यों ये फिल्म तो इसके हीरो, हीरोइन और यहां तक कि इसकी सीनियर हीरोइन तक के लिए किस्मत का ऐसा ही खेल रही। गिनती के लोगों को ही पता होगा कि फिल्म 'सोहनी महिवाल' बननी थी उस समय के सुपरस्टार राजेश खन्ना के साथ। बी आर चोपड़ा उन दिनों पंजाब पहुंचे हुए थे अपनी फिल्म 'कर्म'की शूटिंग करने। वहीं उनको 'सोहनी महिवाल'पर पंजाबी में एक फिल्म बनाने का आइडिया आया। राजेश खन्ना से उन्होंने जिक्र किया तो वह भी चहक उठे। रूमानियत के राजकुमार को ऐसी ही एक कहानी बेसब्री से इंतजार भी था। फिर फोन गया नीतू सिंह के पास तो वह भी झट से तैयार हो गईं। बी.आर. चोपड़ा ने वहीं आनन-फानन अगले दो तीन दिन में फिल्म 'सोहनी महिवाल'बनाने का ऐलान कर दिया।

### कुमार गौरव को ऑफर हुई थी फिल्म

फिल्म 'सोहनी महिवाल' भारत और रूस के बीच सिनेमा को लेकर हुए समझौते के तहत बनने वाली दूसरी फिल्म थी। निर्देशक उमेश मेहरा ने इस फिल्म को हिंदी में निर्देशित किया और रूसी भाषा में इसे निर्देशित करने का जिम्मा संभाला था लतीफ फैजीयेव ने। फिल्म में महिवाल का किरदार पहले पहल कुमार गौरव को ऑफर हुआ। कुमार गौरव की 'लव स्टोरी' रिलीज हो चुकी थी और उनके करियर की कमान उन दिनों उनके पिता और जुबली कुमार के नाम से मशहूर रहे राजेंद्र कुमार के हाथों में थी। इंडो रशियन प्रोजेक्ट देख राजेंद्र कुमार ने उमेश मेहरा से खासी मोटी रकम मांग ली। और, कुमार गौरव के हाथ से फिल्म निकल गई। इसके बाद उमेश मेहरा ने राज कपूर के बेटे राजीव कपूर को फिल्म में लेने का मन बनाया लेकिन वह 'राम तेरी गंगा मैली'के लिए अपनी तमाम तारीखें दे चुके थे। फिल्म का जिक्र इसके बाद धर्मेंद्र के सामने हुआ तो उन्होंने महिवाल के किरदार के लिए सनी देओल को लेने के बात कही। सनी देओल को महिवाल का किरदार पसंद आया और उन्होंने हां भी कर दी।

# SHRI SAI BABA AADARSH MAHAVIDYALAYA
(A POST GRADUATE COLLEGE)
NAAC B++
छत्तीसगढ़ का सर्वश्रेष्ठ कॉलेज बनने के लिए प्रतिबद्ध



ADMISSION OPEN

Commerce & Management B.Com (Bachelor of Commerce) (Computer/ Tpp/Plain BBA, PGDBM, MCom

Computer Science & IT, B.C.A. (Bachelor of (Computer/Application M.Sc (CS/IT) PGDCA DCA

Arts & Social Work B.A. (Bachelor of Arts) (Computer/Anthro/ Geography/Sociology/ Pol. Science/History/ Economics) M.S.W./M.A. Geography

Education B.Sc. B.Ed. (Bachelor of Science and Bachelor of Education) M.A. Education (Master of Arts in Education)

**Science**

B.Sc. (Computer Science/ Information Technology/ Biotechnology / Microbiology/ Anthropology/Maths/Physics)

M.Sc. (Computer Science / Information Technology/ Chemistry/Botany/Zoolgy/ Biotechnology / Maths/Physics)

21th YEARS OF Excellence

SC / ST / OBC के पात्र विद्यार्थियों को शासन से प्राप्त होने वाली छात्रवृत्ति के कारण उन्हें लगभग **नि:शुल्क शिक्षा**

मेधावी विद्यार्थियों के लिए विशेष साई **स्कॉलरशिप** की सुविधा

Permanently Affiliated to Sant Gahira Guru Vishwavidyalaya
Surguja Ambikapur, Chhattisgarh
Recognized by Chhattisgarh State Government and University Grant Commission [Under Section 2 (f)] NCTE, AICTE An ISO Certified College,
Address:- Banaras Road Digma Ambikapur (C.G.)
College Campus :-07774-230781, 9644540333 City Office:-, 07774-240985



उत्कृष्ट शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध
सरगुजा संभाग का प्रथम डे
# बोर्डिंग स्कूल

ADMISSION OPEN



9वीं एवं 11वीं के सभी विद्यार्थियों के 8वीं/10वीं परीक्षा में आपके द्वारा अर्जित प्राप्तांक प्रतिशत के आधार पर शिक्षण शुल्क में विशेष छूट

**9वीं**
- जैसे यदि आपका 60% प्राप्तांक है तो - 10,000/- छूट राशि यानी लगभग देय राशि 4,000/- प्रति माह
- 80% प्राप्तांक है तो - 20,000/- छूट राशि यानी लगभग देय राशि 3,500/- प्रति माह
- 70% प्राप्तांक है तो - 15,000 /- छूट राशि यानी लगभग देय राशि 3,000/- प्रति माह

**11वीं**
- जैसे यदि आपका 60% प्राप्तांक है तो 10,000/- छूट राशि यानी लगभग देय राशि 4,800 /- प्रति माह
- 80% प्राप्तांक है तो 20,000/- छूट राशि यानी लगभग देय राशि 4,300 /- प्रति माह
- 70% प्राप्तांक है तो - 15,000 /- छूट राशि यानी लगभग देय राशि 3,800 /- प्रति माह

शुल्क जमा करने की किश्ते आपकी सुविधानुसार

Shri Sai Baba School Ambikapur
www.ssbsambikapur.com
CBSE AFFILIATION NO. 3330125

Pay in installment as per your comfort

# SHRI SAI BABA SCHOOL
Sargawan, Pratappur Road, Ambikapur
Ph. 07774-240985 Mob. 9644540555



# डी. हिलॉक्स पब्लिक हाई स्कूल




## प्रवेश प्रारंभ
केजी 1 से
कक्षा 12वीं तक

प्रमुख विशेषतायें :-
- इंग्लिश मीडियम स्कूल
- भौतिक/रसायन/जीव विज्ञान/
- कम्प्यूटर एवं एटीएल प्रयोगशाला
- संगीत/नृत्य/स्पोर्ट्स एवं पुस्तकालय सुविधा
- सुरक्षित वातावरण
- आदर्श छात्र-शिक्षक अनुपात
- सकारात्मक परिसर वातावरण
- मनोरंजक गतिविधियां, समर्पित खेल शिक्षक
- गणित/जैव/कामर्स / एग्रीकल्चर

पता: अंबिकापुर, प्रवेश हेतु संपर्क करें : 9362674067, 7000687746

HAPPY Doctor's day

National Doctors' Day

प्रकाश मेडिकल स्टोर
जिला न्यायालय के सामने अंबिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)

Shri Mahavir Hospital
CIPACA
इमरजेंसी एवं क्रिटिकल मेडिकल कंडीशन के लिए
अत्याधुनिक मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
सभी प्रकार के फ्रेक्चर एवं जोड़ संबंधित रोग
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
क्रिटिकल केयर एवं ट्रामा सेंटर
MCU एवं एक्सीडेंटल केयर
जनरल मेडिसिन
प्रसूति एवं स्त्री रोग
साईं मंदिर के पास, गांधीनगर, बनारस रोड, अंबिकापुर
मो. 6263080332, 9826437783, 8319212810

बृज होम्योपैथिक क्लीनिक
- स्किन समस्याएं
- स्त्रियों की समस्यायें
- पुरुषों की समस्यायें
- श्वसन संबंधी समस्यायें
- मानसिक समस्यायें
- बच्चों की समस्यायें
- बालों की समस्यायें
- अन्य बीमारियां


डॉ.ए.एन द्विवेदी



मिलने का समय
सोमवार से शनिवार 12 बजे से रात्रि 8 बजे तक
संपर्क - 7566602211
अग्रिम पंजीयन आवश्यक

होमियोपैथिक द्वारा बिना ऑपरेशन पथरी ट्यूमर, बच्चेदानी गांठ, सिस्ट अदि जटिल बीमारियों का सफल ईलाज
रिंग रोड, काली मंदिर के सामने चोपड़ापारा, अम्बिकापुर मो. 7566602211

PARIDA NURSING HOME
- साधारण जचकी
- सिजेरियन जचकी
- शास.मान्यता प्राप्त गर्भपात सुविधा
- बिना चिरफाड़ बच्चेदानी निकालने की सुविधा
- दूरबीन पद्धति से बच्चेदानी निकालने की सुविधा
- कलर सोनोग्राफी
- गर्भाशय के अंदर हृदयगति की जानकारी
- प्रारंभिक कैंसर की जाँच
- चिकित्सा जाँच की सुविधा
- दूरबीन पद्धति से परखनली की जाँच एवं बच्चेदानी की जाँच सुविधा
- दन्त चिकित्सा उपलब्ध
- मेडिकल स्टोर की सुविधा उपलब्ध

परीडा नर्सिंग होम
गुदरी चौक के पास, प्रतापपुर नाका रोड, अम्बिकापुर, मो.- 90390-41525

सुनीता डायग्नोस्टिक
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम 1.5 टेस्ला (18 चैनल) एम.आर.आई मशीन
- 1.5 टेस्ला एम.आर.आई मशीन (पूरे शरीर का एम.आर.आई)
- 3 डी /4 डी सोनोग्राफी
- 32 मल्टीस्लाइस सी.टी.स्कैन (siemens)
- सभी प्रकार के एक्स-रे

सी.एम.ओ. ऑफिस रोड, जिला अस्पताल के पास, दर्रीपारा, अम्बिकापुर (छ.ग.)
संपर्क करें : मो. 9826200289, 7222959554

श्री राम डायग्नोस्टिक
उपलब्ध सुविधाएँ :-
- कम्प्युटराईज्ड पैथोलॉजी लैब
- डिजिटल एक्स-रे
- ई.सी.जी.

खून पेशाब जाँच
होम ब्लड कलेक्शन की सुविधा उपलब्ध
समय : प्रातः 7:30 से रात्रि 8:30 बजे तक प्रतिदिन
आकाशवाणी चौक के पास, सेंट्रल बैंक के सामने, रिंग रोड, चोपड़ापारा, अम्बिकापुर (छ.ग.)
फोनः 07774-230087, मो.: 8319518087, 9340987905

चिकत्सक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राम कृपा मासहि सब रोगा
लेज़र हॉस्पिटल
पथरी, मूत्र रोग व स्त्री रोग का विशेषज्ञ अस्पताल


बीमार मां का इलाज़ करवाते हैं आइए इस बरसात कुछ वृक्ष लगाते हैं
वृक्ष हैं धरती के डॉक्टर
कोठी घर के पास जिला अस्पताल रोड अंबिकापुर
Call ---07774-221500, www.laserhospital.in

डॉक्टर्स- डे की हार्दिक शुभकामनाएं...
SANKALP HOSPITAL
Quality Patient Care At Affordable Cost
www.sankalphospital.com
Near Distt. Hospital Manipur, Ambikapur, Chhattisgarh 497001



24/7 HOURS Trauma & Smart ICU
आपका अपना संकल्प अस्पताल
14 वर्षों का भरोसा

संकल्प अस्पताल में सुविधाएं
- नेत्र रोग
- आईवीएफ
- हड्डी रोग
- प्रसूति और स्त्री रोग
- कान, नाक व गला
- यूरोलॉजी
- शिशु रोग
- जनरल सर्जरी
- एडवांस लेप्रोस्कोपी की सुविधा
- आपातकालीन सेवाएं
- चिकित्सा विभाग
- कीमोथेरपी
- प्रतिदिन डायलिसिस की निःशुल्क सेवा
- सभी बीमारियों का विश्वसनीय ईलाज
- महिलाओं के लिए प्रायवेट रूम में डायलिसिस

Where Quality Healthcare Meets Advanced Technology!
अंबिकापुर का सबसे एडवांस हॉस्पिटल
+ 919584889068

